# राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

(वेबसाईटः www.rajuvas.org)

क्रमांक एफ ( )/सीवीएएस/ए.एच.डी.पी./प्रवेश/2022–23/1055 दिनांकः– 28.11.2022

## पशुपालन डिप्लोमा पाठ्यक्रम सत्र 2022–23 हेतु प्रवेश सूचना

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के संघटक तथा सम्बद्ध राजकीय एवं निजी पशुपालन डिप्लोमा संस्थानों में सत्र 2022–23 हेतु पशुपालन डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 01 दिसम्बर 2022 प्रात 11.00 बजे से ऑनलाईन आवेदन फार्म आमंत्रित किए जाते है। आवेदन हेतु पात्रता/योग्यता की प्रमुख शर्तें निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| आवेदन फार्म की उपलब्धता | आवेदन फार्म व निर्देश पुस्तिका वेबसाईट www.rajuvas.org पर उपलब्ध हैं। आवेदन फार्म केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेगें। |
| पाठ्यक्रम की अवधि | दो वर्ष कोर्स वर्क और छह माह का प्रायोगिक प्रशिक्षण (पशुपालन डिप्लोमा संस्थान की स्थापना/संचालन हेतु विभागीय प्रक्रिया/दिशा–निर्देश/नीति–2022 के अनुसार) |
| शैक्षणिक योग्यता | विधि द्वारा स्थापित वैधानिक एवं मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड के द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा भौतिक, रसायन व जीव विज्ञान या कृषि संकाय विषय (with Biology/Agri.Biology/Agri. Zoology & Agri. Botany/Zoology & Botany as one of the optional subjects) के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। प्रवेश इसी परीक्षा के प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर होगा। वैधानिक बोर्ड की सूची एवं सीनियर सैकण्ड्री परीक्षा की समकक्षता निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध है। (1) भारतीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड मण्ड्ल (www.cobse.org) (2) माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर। अन्य किसी अवैधानिक, स्वंय या किसी व्यक्ति या व्यक्ति समूह या किसी ट्रस्ट या अन्य किसी भी आधार पर स्थापित बोर्ड मान्य नहीं होगें। |
| आयु | अभ्यर्थी की आयु सीमा 31 दिसम्बर 2022 को न्यूनतम 17 वर्ष व अधिकतम 28 वर्ष है। अधिकतम आयु सीमा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अति पिछड़ा वर्ग के पुरूष अभ्यार्थियों व सामान्य वर्ग की महिला अभ्यार्थियों को 5 वर्ष की छूट का प्रावधान है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अति पिछड़ा वर्ग की महिला अभ्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट का प्रावधान है। |
| संस्थानों की संख्या | **वर्तमान में विश्वविद्यालय के संघटक व सम्बद्धता प्राप्त कुल 81 संस्थान प्रवेश हेतु उपलब्ध है इसके अतिरिक्त राज्य सरकार के आदेशो की अनुपालना में एपेक्स यूनिवर्सिटी, जयपूर से संबंद्ध एपेक्स इन्सटीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड साईन्स, जयपुर को भी विश्वविद्यालय की शर्तो को पूरा करने पर राजुवास द्वारा आयोजित काउंसलिंग द्वारा छात्र आंवटित किए जाएगे।**<br>निजी संस्थानों में कुल अनुमोदित सीटों का 15 प्रतिशत प्रबंधन सीटें है जिनमें प्रवेश सबंधित संस्थान के द्वारा अलग से आवेदन आमंत्रित कर दिया जाएगा। प्रबन्धन सीटों के अलावा अन्य सीटों पर प्रवेश के लिए अभ्यार्थियों का राजस्थान का मूल निवासी होना अनिवार्य है। प्रबन्धन सीटों के लिए भारतीय नागारिक होना आवश्यक है। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चार राजकीय पशुपालन संस्थाओं में 5–5 सीटे पशुधन परिचर के पद पर कार्यरत विभागीय कर्मियों हेतु आरक्षित है। |
| आरक्षण | आरक्षण राजस्थान सरकार एवम् विश्वविद्यालय के नियमानुसार देय होगा। |
| अध्ययन का माध्यम | यह पाठयक्रम हिन्दी अथवा अंग्रेजी माध्यम में संचालित होगा। इसका निर्णय संस्थान द्वारा किया जा सकेगा। पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर में प्रशिक्षण का माध्यम केवल अंग्रेजी होगा। |
| शिक्षण शुल्क | पाठ्यक्रम का वार्षिक प्रवेश शुल्क (40,000/– रू.) है, जो कि एक किस्त में देय होगा। जामड़ोली (जयपुर), जोधुपर, कोटा एवं उदयपुर स्थित राजकीय पशुपालन संस्थानों में वार्षिक प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा। फीस संबंधित अन्य जानकारी हेतु प्रोसपेक्टस देखे। |
| चयन प्रक्रिया | अभ्यार्थियों का समय, अनावश्यक व्यय व असुविधा से बचाने के लिए संस्थान प्रवेश/आवंटन के लिए बीकानेर में कोई व्यक्तिगत परामर्श (काउंसलिंग) की व्यवस्था नहीं है। संस्थान का आवंटन छात्र द्वारा आवेदन फार्म में दी गई संस्थान पसंद वरीयता, राज्य स्तरीय मेरिट एवं आरक्षण प्रावधानों के आधार पर कम्प्यूटर कार्यक्रम का प्रयोग करते हुए किया जाएगा। |
| आवेदन शुल्क | ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की सभी आवेदक श्रेणीयों का शुल्क 1500 रूपये (एक हजार पांच सौ रूपये) हैं, क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड के माध्यम से आवेदक ऑनलाइन भुगतान कर सकता हैं। ऑनलाईन भुगतान करने की समस्त जानकारी आप "महत्वपूर्ण निर्देशिका" में देख सकतें। अभ्यर्थी अपने या अपने परिवारजन के खाते से ही आवेदन शुल्क भरें। |
| अन्य जानकारी | पाठ्यक्रम सबंधी विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.rajuvas.org पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु हैल्प डैस्क फोन नम्बर 8560884087 समय प्रातः 11 से सांय 05 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है। |
| आवेदन फार्म | आवेदक को पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र का प्रिंट निकालकर हस्ताक्षरित आवेदन पत्र व समस्त योग्यता व अन्य प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा एक सेट सत्यापित छायाप्रति कॉलेज आवंटन के बाद सम्बन्धित कॉलेज में रिर्पोटिग के समय सत्यापन हेतु जमा करवाने आवश्यक होगें। |
| अंतिम दिनांक | ऑनलाईन आवेदन भरने की **अंतिम दिनाक 20 दिसम्बर 2022 सॉय 05.00 बजे तक** हैं। |
| आवेदन प्रकिया | **आवेदन प्रकिया को पढने के बाद ही आवेदन पत्र भरें, अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अतिंम दिंनाक तक सुधार/परिवर्तन कर सकता है। अतिंम दिंनाक के बाद आवेदन पत्र में सुधार की कोई गुजाईष नहीं रहेगी ओर न ही आवेदन पत्र दोबारा भरा जा सकता हैं।** |

महत्वपूर्ण नोटः– **(अ)** आवेदन फार्म को सावधानीपूर्वक भरें तथा आवेदन पत्र में अपने पसन्द के कॉलेज के आगे दिए गए कॉलम में पसंद वरीयता भरे। उदाहरणार्थ यदि अभ्यर्थी की पहली पसंद की संस्थान राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान, जामडोली, जयपुर है तो उपरोक्त संस्थान के सामने के कॉलम में 1 लिखें। इसी प्रकार अपनी पसंद के अन्य संस्थानों के सामने पसंद वरीयता 1 से 82 तक भरा जा सकता है। **(ब)** अभ्यर्थी जितनी भी चाहे अपनी संस्थान पसन्द वरीयता भर सकता है **(स)** त्रुटिपूर्वक, अधूरे भरे, वांछित फीस के बिना अथवा अंतिम दिनांक के पश्चात आवेदन फार्म अस्वीकृत कर दिया जायेगा। आवेदन में गलत सूचना देने पर आवेदन निरस्त व प्रवेष निरस्त होने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

चेयरमेन एडमीशन बोर्ड, (ए.एच.डी.पी.)